VIR ARJUNE N.D 4/5/18

एमआरएफ का शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 345 करोड़

नई दिल्ली (भाषा)। टायर बनाने वाली प्रमुख कंपनी एमआरएफ का मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 20.41 प्रतिशत बढ़कर 345.32 करोड़ रुपए रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2016-17 की जनवरी - मार्च तिमाही में कंपनी को 286.77 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि समीक्षावधि में उसकी कुल आय 3,944.75 करोड़ रुपए रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,778.23 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2017-18 के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 23.85 प्रतिशत घटकर 1,131.61 करोड़ रुपए रहा है जो 2016-17 में 1,486.22 करोड़ रुपए था। इसके अलावा कंपनी के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर गैर - परिवर्तनीय डिबेंचर जारी कर 500 करोड़ रुपए जुटाने की अनुमति भी दे दी है।